सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 99 | इंदौर, शुक्रवार 24 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

● भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी में इंदौर का दबदबा...

## गौरव, चावड़ा सहित चार नेताओं को मिली तवज्जो



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी में इस बार इंदौर को महत्व मिला है। पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे और पूर्व आईडीए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा सहित इंदौर के चार नेता कार्यकारिणी में शामिल हुए है। सबसे चौकाने वाला नाम सांवेर के भगवान सिंह परमार का रहा। उन्हें एससी मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है। इस पद के लिए प्रदेश के अन्य जिलों के नेता भी दौड़ में थे, लेकिन संगठन ने परमार पर भरोसा जताया। पिछली प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी में इंदौर से कविता पाटीदार और जीतू जिराती थे। इस बार दोनों को टीम हेमंत खंडेलवाल में जगह नहीं मिल पाई। जिराती का नाम आईडीए अध्यक्ष पद के लिए भी चल रहा है। भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे को महामंत्री बनाया गया है। गौरव के अलावा इंदौर के कई नेता उपाध्यक्ष या महामंत्री पद के लिए प्रयास कर रहे थे। इसमें दो भाजपा नेत्रियां भी शामिल थी, लेकिन संगठन और संघ की पसंद रहे गौरव को महामंत्री बनाया गया है। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खास समर्थक डॉ. निशांत खरे को उपाध्यक्ष बनाया गया है। निमाड़ से इस बार कम नेता कार्यकारिणी में शामिल हो पाए है। सुमेर सिंह सोलंकी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सांवेर के भगवान सिंह परमार को अनुसूचित जाति मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है।

## भोपाल और ग्वालियर में 'कार्बाइड गन' पर बैन

### आंखें खराब करने वाले घातक 'खिलौने' पर सख्त एक्शन

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और ग्वालियर जिले में घातक कैल्शियम कार्बाइड गन के कारण बच्चों की आंखों को हुए नुकसान के बाद दोनों जिलों के कलेक्टरों ने कार्बाइड गन पर तत्काल प्रभाव से बैन लगा दिया है. भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने आदेश में जारी किया है कि कोई भी प्रतिबंधनात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा स्टील या पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर तेज आवाज करने वाले अवैध पटाखे (कार्बाइड गन) नहीं बनाएगा. इकट्ठा नहीं करेगा और खरीद बेच भी नहीं सकेगा. कलेक्टर ने कहा है कि यह अवैध संशोधित पटाखा आम नागरिकों की सुरक्षा, शांति और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है, इसलिए इसके वितरण या प्रदर्शन पर भी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा.

### समाधान ऑनलाइन में लापरवाही पर तीन निलंबित: 19 पर कार्यवाही

# सीएम बोले- कार्य पद्धति बेहतर बनाने का करें नवाचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** समाधान ऑनलाइन के समीक्षा में प्रकरणों में कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले तीन कर्मियों को निलंबित करने के साथ ही सीएम डॉ. मोहन यादव ने 19 अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पांच शासकीय सेवकों की वेतन वृद्धि रोकने, छह को कारण बताओ नोटिस देने, सात प्रकरण में अनुशासनात्मक कार्यवाही और एक प्रकरण में दोषी कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय जांच की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

### अच्छे कार्य करने वालों की सराहना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास से वीसी द्वारा समाधान ऑनलाइन के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में नागरिकों के लंबित प्रकरणों के समाधान की कार्यवाही करवाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि आम लोगों के हित में प्रशासनिक अमला दक्षता से कार्य करे। बीते महीनों में हुए श्रेष्ठ कार्यों के लिए जिला स्तर पर रायसेन एवं दतिया जिले और विभाग स्तर पर ऊर्जा विभाग प्रथम स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चार अधिकारियों के.के. दुबे उपनिरीक्षक थाना रावतपुरा जिला भिंड, वेंकटेश नेरकर कनिष्ठ अभियंता ऊर्जा मंडला, डॉ नंदिता निगम, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी धार और कमलेश शुक्ला, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सतना को सितंबर माह में सीएम हेल्पलाइन में मिली शिकायतों के शत-प्रतिशत निराकरण के लिए उच्च प्रदर्शन के लिए बधाई दी। समाधान ऑनलाइन बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### समीक्षा में लिए गए प्रकरण



मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष समाधान ऑनलाइन समीक्षा बैठक में छात्रवृत्ति, आहार अनुदान, भू-अर्जन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और शिक्षकों की उपस्थिति से संबंधित प्रकरणों पर कार्रवाई हुई। अनूपपुर जिले के आवेदक सीता बैगा ने आहार अनुदान की राशि प्राप्त न होने की शिकायत की थी। आवेदक को राशि का भुगतान करवाते हुए विलंब के लिए दोषी ग्राम पंचायत सचिव के निलंबन और सहायक आयुक्त कार्यालय के दोषी शासकीय सेवक की वेतन वृद्धि रोकी गई। रीवा जिले के श्री आशीष बहेलिया की लैपटॉप की राशि का भुगतान करवाया गया। इस तरह के लंबित अन्य प्रकरणों में भी तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। दोषी शासकीय सेवक के निलंबन और विभागीय जांच के निर्देश दिए गए। डिण्डोरी जिले के आवेदक श्री उज्जवल साहू की पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति का भुगतान करवाया गया। पोर्टल की समस्या के कारण इस कार्य में विलंब होना पाया गया इसके फलस्वरूप दोषियों को दंडित करने के निर्देश दिए गए हैं। मंदसौर जिले के आवेदक योगेश द्वारा प्रतिभा प्रोत्साहन योजना की राशि में विलंब के लिए भी अधिकारियों-कर्मचारियों का दायित्व निर्धारित कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गए। डिंडोरी जिले के आवेदक अरुण यादव से सब्सिडी राशि प्राप्त नहीं होने के प्रकरण में बैंक के स्टॉफ की त्रुटि पाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आवेदक के हक की राशि 97 हजार 500 दिलवाते हुए विलंब के जिम्मेदार बैंक कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस प्रकरण में कुटीर एवं ग्रामोद्योग के एक अधिकारी और एक कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रमुख निर्देश

- नागरिकों के कार्यों में विलंब नहीं होना चाहिए। तत्परता से कार्य पूर्ण करें।
- शैक्षणिक परिसर में विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं मिलें, समय- समय पर कलेक्टर्स कैंपस में भ्रमण कर सुविधाओं का जायजा लें।
- प्रकरण में विलंब के लिए दोषी कर्मियों का दायित्व निर्धारित कर कार्रवाई करें।
- शासकीय विभागों के साथ बैंक के अधिकारी- कर्मचारी भी जनता के प्रति जवाबदेह हैं। इनकी लापरवाही पर भी दण्डित करने की कार्यवाही की जाए।
- कार्यालयों में शिकायतें लंबित नहीं होना चाहिए।
- जनकल्याण के सभी प्रकल्पों को सही तरीके से क्रियान्वित किया जाए।
- राशन की दुकान स्थानांतरित करने के मामले में ग्रामीण क्षेत्र में सरपंच और नगरीय क्षेत्र में पार्षद का सुझाव और सहमति ली जाना चाहिए।

# नए एमवाय हॉस्पिटल के लिए 86 हरियाली की चढ़ेगी बलि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लगभग 8 एकड़ में बनने वाले नए एमवाय हॉस्पिटल के निर्माण स्थल पर 86 पेड़ बाधा बन रहे हैं। इन्हें हटाने के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने नगर निगम को लिखा है। जो पेड़ हटाए जाना हैं उनमें कई साल पुराने कई प्रजातियों के पेड़ शामिल हैं।**

लगभग 773 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले नए एमवाय हॉस्पिटल प्रोजेक्ट में कई बाधाएं सामने आ रही हैं। इन बाधाओं से निजात पाना नामुमकिन तो नहीं, मगर फिलहाल मुश्किल है। जहां नया एमवाय हॉस्पिटल बनना है वहां 10 से ज्यादा अतिक्रमण करने वाले सालों से अवैध कब्जा जमाए बैठे हैं। इसके अलावा कई पुरानी इमारतें, क्वार्टर भी बाधा हैं, मगर इन्हें तोड़ना आसान नहीं है, क्योंकि सब सरकारी हैं, मगर इन सबके अलावा निर्माण स्थल में 119 पेड़ भी बाधा बन रहे हैं। इनमें से 86 पेड़ हटाना जरूरी है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अनुसार इन्हें विस्थापित करने के लिए नगर निगम को पत्र लिख दिया है। जो पेड़ बिना काटे दूसरी जगह विस्थापित किए जा सकते हैं उन्हें विस्थापित किया जाए। जिन्हें नहीं किया जा सकता उन्हें काट दिया जाए। इस मामले में नगर निगम उद्यान अधिकारी का कहना है कि सहायक उद्यान अधिकारी को मौके पर भेजकर निरीक्षण करवाएंगे कि कितने पेड़ का प्लांटेशन, यानी विस्थापन किया जा सकता है। रिपोर्ट के बाद ही पता पड़ेगा कि कितने पेड़ विस्थापित किए जा सकते हैं और कितने काटना पड़ेंगे। जबकि जानकारों का कहना है कि ट्री-ट्रांसप्लांटेशन का अब तक का रिकार्ड अच्छा नहीं है। एमजीएम मेडिकल के अनुसार 8 एकड़ में 119 पेड़ चिह्नित किए गए हैं। इनमें नीम, जामुन, पीपल, आम, इमली, नीलगिरि, अशोक प्रजाति के पेड़ शामिल हैं। इनमें से 86 पेड़ निर्माण स्थल में बाधा बन रहे हैं।



# बीआरटीएस कॉरिडोर तोड़ने का वर्कआर्डर तक जारी नहीं कर पाया नगर निगम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम की सुस्त कार्यप्रणाली एक बार फिर बीआरटीएस कॉरिडोर को तोड़ने के मामले में सामने आई है। कॉरिडोर को हटाने का फैसला हुए आठ महीने बीत चुके हैं और ठेकेदार भी तय हो गया है, लेकिन निगम अब तक वर्कआर्डर ही जारी नहीं कर पाया है। दूसरी ओर, निगम के पदाधिकारी लगातार काम 'बस शुरू होने वाला है' कहकर जनता को गफलत में रख रहे हैं।**



राज्य सरकार ने इसी साल फरवरी में इंदौर के बीआरटीएस कॉरिडोर को तोड़ने का फैसला लिया था, जिस पर बाद में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने भी मुहर लगा दी थी। इसके बाद नगर निगम ने तीन बार टेंडर जारी किए, लेकिन कोई भी ठेकेदार काम करने के लिए आगे नहीं आया। चौथी बार टेंडर जारी करने पर एक फर्म ने रुचि दिखाई। इस टेंडर की शर्त के मुताबिक, फर्म को निगम को कोई पैसा नहीं देना है, बल्कि फर्म ही मलबे और लोहा-लंगर के बदले निगम को भुगतान करेगी। पिछले कुछ दिनों से निगम के पदाधिकारी यह दावा कर रहे हैं कि कॉरिडोर तोड़ने का काम जल्द शुरू होगा। यह भी कहा गया कि निगम चाहता है कि कॉरिडोर टूटने के साथ ही नया रोड डिवाइडर भी बना दिया जाए, ताकि दुर्घटनाएं न हों। लेकिन इन दावों के विपरीत, हकीकत यह है कि ठेकेदार एजेंसी को अब तक वर्कआर्डर ही जारी नहीं किया गया है। मामले के प्रभारी अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर ने बताया कि महापौर परिषद की बैठक में टेंडर को मंजूरी दी गई थी और इस पर महापौर के हस्ताक्षर भी हो चुके हैं। फिलहाल, फाइल निगम आयुक्त के पास गई हुई है। वहां से फाइल लौटने के बाद ही ठेकेदार एजेंसी को वर्कआर्डर जारी किया जाएगा और काम शुरू करने पर चर्चा होगी। शहर में कई अन्य सड़कों का भूमिपूजन होने के महीनों बाद भी काम शुरू नहीं हो सका है। बीआरटीएस को तोड़ने के मामले में भी वैसी ही धीमी गति दिखाई दे रही है, जिससे यह प्रतीत होता है कि यह काम फिलहाल निगम की प्राथमिकता सूची में नहीं है।

# तीन दिनी दत्त जयंती हीरक महोत्सव आज से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** नाना महाराज तराणेकर संस्थान इंदौर और त्रिपदी परिवार द्वारा दत्त जयंती हीरक महोत्सव 24 से 26 अक्टूबर तक रामबाग के समीप पुलिस ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में आरएसएस के पूर्व सहकार्यवाह भैय्याजी जोशी, राष्ट्रीय सेविका समिति प्रमुख वंदनीय शांताक्का, पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन व कंचन गडकरी सहित अन्य अतिथि शामिल होंगे। समारोह में मध्य प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, कर्नाटक से भी अनुयायी शामिल होंगे। 24 अक्टूबर को सुबह आठ बजे धार्मिक विधि व वैदिक पूजन होगा। इसमें 57 दंपतियों द्वारा तुला दान किया जाएगा। शाम को सांस्कृतिक आयोजन होंगे। 25 अक्टूबर को साढ़े सात सौ महिलाएं सत्यनारायण पूजन करेंगी। इसके बाद वक्ता अपने विचार रखेंगे। इसके अलावा एक पुस्तक का विमोचन भी होगा। 26 अक्टूबर को दतात्रय व नाना महाराज का राजोपचार पूजन होगा। इसके अलावा महाप्रसादी का आयोजन भी होगा। इंदौर में नाना महाराज तराणेकर ने 75 साल पहले दत्त जयंती महोत्सव शुरू किया था। नाना महाराज उज्जैन के समीप तराना गांव में रहते थे। वहां उन्होंने दत्त मंदिर की स्थापना की थी। इसके बाद महाराजा तुकोजीराव होलकर के आग्रह पर वे इंदौर आकर बस गए थे। फिर उन्होंने इंदौर में दत्त महोत्सव की शुरुआत की। वर्ष 1993 में उनका निधन हो गया तो बाबा साहेब तराणेकर ने इस महोत्सव को मनाने की परंपरा को बरकरार रखा। बाबा साहेब के शिष्य परिवार को देशभर में त्रिपदी परिवार के नाम से भी जाना जाता है। देश विदेश में इसकी 300 से ज्यादा शाखाएं हैं। इस साल 75 वर्ष पूर्ण होने पर इस महोत्सव को धूमधाम से मनाया जाएगा।



# भावांतर योजना के तहत आज से खरीदी जाएगी सोयाबीन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी आज से प्रारंभ होगी। किसान अपने नजदीकी मण्डी/उपमण्डी में जाकर फसल विक्रय कर सकेंगे। इंदौर संभाग के सभी खरीदी केन्द्रों में सोयाबीन खरीदी को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। किसानों को भावान्तर का पंजीयन क्रमांक रसीद और अपना आधार कार्ड लेकर जाना अनिवार्य है। खरीदी केन्द्रों पर सोयाबीन खरीदी का कार्य 24 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 15 जनवरी 2026 तक चलेगा। सोयाबीन के लिए एमएसपी प्रति क्विंटल 5328 रुपए घोषित की गई है। योजना के तहत सोयाबीन उत्पादक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और बाजार भाव के बीच का अंतर सरकार द्वारा दिया जाएगा। फसल बिक्री के 15 दिन के भीतर भाव में अंतर की राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में अंतरित करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत सभी किसानों को पारदर्शी और त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। इंदौर संभाग के सभी मंडियों और उप मंडियों में तकनीकी एवं मानव संसाधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।



मंडी स्तरीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। प्रवेश गेट और प्रांगण में सीसीटीवी मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की गई है। प्रत्येक खरीदी केन्द्रों में हेल्प डेक्स भी बनाये गये हैं। भावांतर योजना के तहत इस वर्ष किसानों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए अपने रकबे का पंजीयन कराया है। इंदौर संभाग के आठों जिलों में कुल 432 पंजीयन केन्द्रों पर 1,45,188 किसानों ने सोयाबीन भावांतर योजना में अपना पंजीयन कराया है, जिसमें अकेले इंदौर में ही 46,061 किसानों ने पंजीयन कराया है। वहीं इंदौर संभाग के धार जिले में 37,940 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसी तरह खण्डवा जिले में 20,001 किसानों ने, बड़वानी जिले में 13,455, खरगोन जिले में 13,364, झाबुआ जिले में 10,478, बुरहानपुर जिले में 2,534 तथा आलीराजपुर जिले में 1,355 किसानों ने पंजीयन करवाया है। किसानों को भावांतर राशि का भुगतान सीधे पंजीकृत बैंक खाते में किया जायेगा।

## केवाईसी अपडेट की प्रक्रिया अब भी धीमी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले में 5927 प्रसूताओं का डीबीटी और 3955 का ई-केवाईसी अब तक अपडेट नहीं हुआ है। जिले में प्रसव के बाद महिलाओं के खातों में डायरेक्ट बैनिफिट ट्रांसफर और ई-केवाईसी अपडेट की प्रक्रिया अब भी धीमी चल रही है। 1 अप्रैल से 8 अक्टूबर तक के आंकड़ों के अनुसार जिले के विभिन्न ब्लॉकों में कुल 5927 महिलाओं के खाते लिंक की प्रक्रिया नहीं हो सकी है, जबकि 3955 महिलाओं का ई-केवाईसी भी अब तक पूर्ण नहीं हुआ है। इन आंकड़ों के आधार पर अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रसव के बाद महिलाओं को दी जाने वाली सहायता राशि लेटलतीफी की भेंट चढ़ रही है। लगभग 12 हजार प्रसूताओं को जननी सुरक्षा का अधिकार ही नहीं मिला है।

## परिवहन मंत्री श्री सिंह आज इंदौर आएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह 24 अक्टूबर को इंदौर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री सिंह 24 अक्टूबर को शाम 4 बजे रेसीडेंसी कोठी पहुचेंगे। वे शाम 7.30 बजे होटल सयाजी में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम पश्चात वे रात्रि 9 बजे इंदौर से भोपाल के लिये रवाना होंगे।

# कमरे में जाकर लगा ली फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राउ क्षेत्र में रहने वाले ठेकेदार के बेटे ने बुधवार रात फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस का मानना है कि प्रेम प्रसंग में निराशा इसकी वजह हो सकती है।**

ब्रज विहार कॉलोनी निवासी करण (पुत्र साइमन काहिर) रात में घर लौटा था। उसने ऊपर के कमरे में जाकर छोटी बहन को बाहर भेज दिया, कहा कि उसे कपड़े बदलने हैं। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो बहन ने झांककर देखा — करण फंदे पर लटका हुआ था। परिजन उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। करण तीन बहनों का इकलौता भाई था। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, हालांकि उसका मोबाइल जब्त किया गया है। परिजन मूल रूप से मानपुर के पास के रहने वाले हैं। दोस्तों ने पुलिस को बताया कि करण की एक गर्लफ्रेंड थी, जिसने कुछ समय पहले रिश्ता तोड़ लिया था। इसके बाद से वह उदास और शराब पीने का आदी हो गया था। पुलिस प्रेम प्रसंग के एंगल से जांच कर रही है।

# निगम आयुक्त ने समीक्षा बैठक में कई मुद्दों पर की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने गुरुवार को सभी अपर आयुक्त, जोनल अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, भवन अधिकारी, भवन निरीक्षक, जलप्रदाय और ड्रेनेज उपयंत्री, विभाग प्रमुख के साथ समीक्षा बैठक की।**




इस बैठक में रूटीन मुद्दे, जोन के इश्यू, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। नगर निगम आयुक्त ने अधिकारियों से कई विषयों की जानकारी भी ली और जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि वाटर कनेक्शन को लेकर शिकायतें रहती है। उसमें हम कोशिश कर रहे हैं कि जो टाइम है, वह कम लगे। नल कनेक्शन की रिक्वेस्ट आती है तो हम तुरंत ही उनके यहां विजिट करा सके और नल कनेक्शन कर पाए। इस संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए है, ताकि किसी भी अनावश्यक रूप से परेशान ना होना पड़े। इसके अलावा समीक्षा बैठक में और भी विषयों पर चर्चा की गई। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि प्रॉपर्टी आईडी और जलकर, जो हम एकत्रित करते हैं, उनमें अलग-अलग नंबर सामने आते हैं। कई बार स्टाफ की कमी भी कारण रहती है, इसलिए हम एक बार यह करके देखना चाहते हैं कि सभी टीमों को लगाकर एक सर्वे कराया जाए, जिससे जो भी छूटी हुई आईडी हैं, जलकर को लेकर जो छूटे हुए टैक्स वाले दर हैं, ये सब हमारी नजर में आ जाएं। ताकि हमारी जो फाइंडिंग रहेगी, उसे रेप्लिकेट भी कर सकें। इसीलिए अगले तीन से चार दिनों के लिए किसी एक वार्ड में स्टाफ बढ़ाया जाएगा, ताकि वे वहां के घरों का सर्वे करके देख सकें कि प्रॉपर्टी आईडी बनी है या नहीं, कचरे की जो आईडी है वह बनी है या नहीं। वाटर-ड्रेनेज कनेक्शन के अलावा बाकी जो इश्यू हैं, उन्हें भी देख लें।

## चातुर्मास समाप्ति के पूर्व भव्यातिभव्य चैत्य परिपाटी का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर महावीर बाग, एरोड्रम रोड इंदौर से हिंकारगिरी पार्श्वनाथ धाम, बिजासन रोड तक भव्य चैत्य परिपाटी का आयोजन शनिवार 25 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे समता साधिका साध्वी विचक्षण श्रीजी म.सा. की प्रशिष्या भव्ययशा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में निकलेगी, जो प्रातः 10 बजे हिंकारगिरी तीर्थ पहुंचेगा। संपूर्ण कार्यक्रम के लाभार्थी डॉ. दीपेश कोठारी-डॉ. मोना कोठारी, श्रेष्ठीवर्य श्री विजयराजजी भंसाली परिवार है। सभी समाज के महिला पुरुषों, नवयुवक-नवयुवतियों आदि से पधारने का निवेदन है। अधिक से अधिक संख्या में पधारकर जिनशासन की शोभा बढ़ावें। उक्त जानकारी खरतरगच्छ श्रीसंघ के अध्यक्ष धर्मेन्द्र मेहता, सचिव सतीश हुंडिया ने दी।



# राजा रघुवंशी के बिना सूनी रही दीपावली परिवार ने नहीं जलाया एक भी दीपक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर के चर्चित ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की मौत के बाद इस साल दीपावली उनके परिवार के लिए गम और खामोशी लेकर आई। जहां बाकी घरों में दीपक जलाकर खुशियां मनाई जा रही थीं। वहीं, रघुवंशी परिवार का घर अंधेरे में डूबा रहा। राजा की मां उमा रघुवंशी ने रोते हुए कहा कि धनतेरस से ही उसका ख्याल आ रहा था। सोच रखा था कि इस बार उसकी शादी के बाद पूरा परिवार मिलकर धूमधाम से त्योहार मनाएगा, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। अब उसके बिना हर त्योहार सूना है।



राजा रघुवंशी की हत्या ने पूरे परिवार को भीतर से तोड़ दिया है। मां उमा की आंखें नम हो गईं जब उन्होंने कहा राजा हमारा सबसे छोटा बेटा था। उसे बचपन से ही बहुत प्यार मिला। कभी सोचा नहीं था कि एक दिन ऐसा भी आएगा जब हमें उसके बिना दीपावली देखनी पड़ेगी। परिवार के लोगों के मुताबिक, जब राजा और सोनम का रिश्ता तय हुआ था, उसी दिन से उनकी जिंदगी बदल गई। आज पूरा परिवार उस फैसले को कोस रहा है। सभी का कहना है कि अगर राजा की शादी सोनम से नहीं हुई होती, तो शायद आज वह हमारे बीच होता। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या उसकी पत्नी सोनम और उसके साथियों ने हनीमून के दौरान शिलॉन्ग में कर दी थी। 2 जून को राजा का शव शिलॉन्ग में बरामद हुआ था। मामले में सोनम समेत पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। शिलॉन्ग पुलिस की विशेष जांच टीम (SIT) इस मामले में 790 पेज की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर चुकी है। उमा रघुवंशी ने बताया कि इस बार दीपावली पर पूजा तो की, पर मन बिल्कुल नहीं लगा। राजा की यादें हर कोने में हैं। दीपावली पर घर सजाने और रंगोली बनाने में वह हमेशा आगे रहता था। कहता था मम्मी, अभी तक रंगोली क्यों नहीं बनाई। उसे गुजिया और गुलाब जामुन बहुत पसंद थे। इस बार न रंगोली बनी, न मिठाई बनी। जो दीपावली राजा के बिना है, वो दीपावली ही नहीं। राजा के बड़े भाई विपिन रघुवंशी ने बताया कि परिवार में अब पहले जैसी खुशियां नहीं रहीं। राजा के जाने से घर ही उजड़ गया। इस बार न हमने घर सजाया, न पटाखे चलाए। मां-पापा पूरे दिन बेटे की याद में रोते रहे। हमें लगता है कि अगर उस शादी का फैसला नहीं हुआ होता तो राजा आज हमारे बीच होता। विपिन ने कहा कि अब परिवार की बस एक ही मांग है राजा के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। हम चाहते हैं कि न्याय जल्द से जल्द हो ताकि हमारे भाई की आत्मा को शांति मिल सके।

## फायरिंग में पति की मौत, पुलिस पर लापरवाही के आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **द्वारकापुरी क्षेत्र में पुलिस ने महेश उर्फ बाचू की हत्या के आरोप में मिथुन और उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के बाद मृतक की पत्नी पूजा ने अपने पति का शव लेने से इनकार कर दिया था। उसका कहना था कि पहले आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी सजा दी जाए।**

टीआई मनीष मिश्रा और अन्य अधिकारियों ने बुधवार को अस्पताल में पूजा से बातचीत कर समझाइश दी, जिसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए रवाना किया गया। इस दौरान पत्नी पूजा बार-बार पुलिस पर एफआईआर दर्ज न करने का आरोप लगाती रही। उसने कहा कि पुलिस की इसी लापरवाही के कारण उसके पति की हत्या हुई। द्वारकापुरी स्थित दिग्विजय नगर मल्टी के रहवासी भी पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। मृतक की पत्नी पूजा और परिजनों का कहना है कि सोमवार रात महेश के बच्चे पटाखे फोड़ रहे थे, तभी पड़ोसी रमेश और उसके रिश्तेदार राजेश ने विवाद करते हुए मारपीट की। जब महेश और उसकी पत्नी पूजा शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे, तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने यह कहकर उन्हें टाल दिया कि "इनके तो आए दिन झगड़े होते रहते हैं।" महेश की शिकायत नहीं सुनी गई और उसे वापस भेज दिया गया। अगले दिन यानी मंगलवार को महेश ने अपने दोस्त मंसूर को बुलाया। उस समय रमेश और उसकी पत्नी घर पर अकेले थे। उनके बीच दोबारा झगड़ा और मारपीट हुई। रमेश की बेटी सपना ने यह बात अपने भाई मिथुन को बताई। इसके बाद मिथुन अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और महेश पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से गंभीर घायल महेश को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## कफ सिरप समझकर पी लिया जहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। लसूडिया इलाके में रहने वाले किसान कैलाश (पुत्र करन चौहान) की जहर पीने से मौत हो गई। परिवार के मुताबिक, कैलाश को आंखों से कम दिखता था और चलने-फिरने में भी दिक्कत थी। घर में पशुओं और खेती के लिए दवाएं रखी थीं। उन्हें सर्दी-खांसी होने के कारण उन्होंने गलती से कीटनाशक को कफ सिरप समझकर पी लिया। तबियत बिगड़ने पर परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। कैलाश के पिता का निधन पहले ही हो चुका था। वह अपनी मां के साथ रहते थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है।

## भदौरिया का ग्वालियर का बैंक लाकर खाली निकला

### बेटी और बेटे-बहू वाले दो लाकर खोलना शेष

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। लोकायुक्त केस में फंसे जिला आबकारी अधिकारी (डीईओ) धर्मेंद्रसिंह भदौरिया का ग्वालियर का बैंक लाकर खाली निकला है। लोकायुक्त पुलिस लाकर और बैंक खातों की जांच कर लौट आई है। बेटी और बेटे-बहू वाले दो लाकर खोलना शेष है। लोकायुक्त तीन बार नोटिस देकर बुला चुकी है। डीएसपी(लोकायुक्त) सुनील तालान के अनुसार धर्मेंद्र पुत्र आरबीएस भदौरिया के घर छापे में करोड़ों की संपत्ति मिली थी। एक बैंक लाकर से 79 लाख रुपये कीमती सोने के आभूषण मिलें थे। गुरुवार को धर्मेंद्र के इंदरगंज(ग्वालियर) स्थित इंडियन बैंक का लाकर खोला पर उसमें कुछ नहीं मिला। सूत्रों के अनुसार लाकर वर्षों पुराना है जो आपरेट नहीं हो रहा था। उसके बेटे सूर्यांश और बहु मिनी शुक्ला भदौरिया का एचडीएफसी बैंक और बेटी अपूर्वा का केनरा बैंक वाला लाकर खोलना शेष है। लोकायुक्त द्वारा बुधवार को ही नोटिस देकर बुलाया गया था। टीम घंटो तक बैंक बैठी रही और शाम को लौटना पड़ा। डीएसपी के अनुसार अब एजेंसी कानून सलाह ले रही है।सहयोग न करने पर एक तरफा कार्रवाई की जा सकती है।

## पार्षद के बेटे का वीडियो वायरल, इंस्टाग्राम चैनल के संचालक के खिलाफ थाने पहुंचे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। पार्षद के बेटे का वीडियो वायरल होने के मामले में एक इंस्टाग्राम चैनल के संचालक के खिलाफ बीजेपी पार्षद और उनके वकीलों की टीम परदेशीपुरा थाने पहुंची थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि बेटे का वीडियो रोकने को लेकर चैनल संचालक उसे ब्लैकमेल कर रहा था। इस मामले में उन्होंने कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। बीजेपी पार्षद ने कहां कि कुछ लोग उनसे राजनैतिक द्वेष रख रहे हैं। जिसे लेकर उन्हें और बेटे को बदनाम किया जा रहा है। परदेशीपुरा थाने पर कुलकर्णी नगर के पार्षद जीतू यादव उनके बेटे आर्यन और वकीलों की टीम पहुंची थी। उन्होंने बताया कि दीपावली के दिन वह बेटे के साथ जा रहे थे। तब सड़क पर विवाद हो रहा था। इस दौरान वह बचाव के लिए कार से उतरा। इसके बाद कार का कांच किसी ने फोड़ दिया। तब बेटे की युवकों से हुज्जत हुई। इस मामले में सोशल मीडिया पर संचालित होने वाली एक चैनल के व्यक्ति ने लिखा कि उनके बेटे के कपड़े फाड़े गए, कर्मा इज बैक वही वीडियो भी वायरल किया गया। उन्होंने बताया कि बेटे के वीडियो को नहीं चलाने के लिए उससे संचालक द्वारा रुपए की मांग भी की जा रही है। जबकि उनके बेटे का किसी तरह का विवाद नहीं हुआ। वीडियो वायरल करने को लेकर उनके साथ राजनैतिक द्वेष की बात भी उन्होंने कही। इसके लिए उन्होंने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस उनकी शिकायत नही सुनती है तो वह सीएम को इस मामले में ज्ञापन सौंपेंगे।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर बहनों के साथ मनाया भाईदूज पर्व

# बहनों की मुस्कान ही सरकार की पूंजी है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भाईदूज हमारी भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह पर्व भाई और बहन के सहोदर स्नेह, परस्पर अपनत्व का प्रतीक है। भाईदूज भाई-बहन के पवित्र बंधन के नैसर्गिक संरक्षण और पारिवारिक जीवन मूल्यों को मजबूत बनाता है। यह पर्व भारतीय समाज की उस देशज परम्परा का निर्वहन है, जहां बहन के स्नेह में भाई का नैतिक दायित्व और जीवन पर्यन्त रक्षा का संकल्प निहित होता है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि भाईदूज का यह पर्व न केवल भाई-बहन के स्नेह का उत्सव है, बल्कि सामाजिक एकता, नारी सम्मान के साथ हमारे पारिवारिक जीवन मूल्यों के संरक्षण का प्रतीक भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास परिसर में आयोजित (भातृ द्वितीया/यम द्वितीया) भाईदूज के विशेष कार्यक्रम में बहनों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहनों के साथ आत्मीय संवाद कर सभी को भाईदूज की शुभकामनाएं दीं। प्रदेश की बहों के साथ संवाद के दौरान उनसे राज्य सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और भावी प्राथमिकताओं की जानकारी भी साझा की। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे लाड़ली बहनों के रूप में 1 करोड़ 26 लाख से अधिक बहनें मिली हैं। हम बहनों के जीवन में नई रोशनी, नई खुशी जोड़ रहे हैं।

## ओंकारेश्वर में भीषण सड़क हादसा श्रद्धालुओं से भरी बस होटल में घुसी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ओंकारेश्वर, एजेंसी। मोरटक्का सड़क मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरी एक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक निजी होटल में जा घुसी। हादसे में 25 से अधिक लोग घायल हो गए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।**

यह हादसा ऋतंभरा जी के आश्रम के सामने हुआ, जब बस ओंकारेश्वर से इंदौर की ओर जा रही थी। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस का अचानक संतुलन बिगड़ गया और ड्राइवर उसे नियंत्रित नहीं कर पाया। देखते ही देखते बस सड़क किनारे स्थित हरिराम यादव के होटल में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि होटल का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू करते हुए यात्रियों को बस से बाहर निकाला और उन्हें ओंकारेश्वर के शासकीय अस्पताल पहुंचाया। जिन यात्रियों की हालत गंभीर थी, उन्हें खंडवा और इंदौर रेफर किया गया है। थाना प्रभारी अनोख सिंधिया अपनी पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत और बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। होटल मालिक हरिराम यादव ने बताया 'मैं होटल के सामने ही बैठा था। बस इतनी तेजी से आई कि सीधी होटल की दीवार तोड़ते हुए अंदर घुस गई। भगवान की कृपा से मैं बाल-बाल बच गया। बस में बैठे कई श्रद्धालु घायल हो गए हैं, जिन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।'

# ट्रेन में फौजी बना फर्जी टीटीई यात्रियों से वसूले रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। झेलम एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों से वसूली कर रहा एक फर्जी टीटीई पकड़ा गया। यह शख्स झांसी से ग्वालियर तक बिना टिकट यात्रा कर रहा था और यात्रियों से सीट दिलाने के नाम पर रुपए वसूल रहा था। एक यात्री ने उसका वीडियो बनाकर रेलवे के सोशल मीडिया अकाउंट पर टैग किया, जिसके बाद रेलवे प्रबंधन और जीआरपी हरकत में आ गए।**



ग्वालियर पहुंचने पर फर्जी टीटीई को हिरासत में लिया गया। जब यह पकड़ा गया तो खुद को आर्मी का जवान बताया। यह यह पूरी घटना बुधवार की है। जीआरपी थाना प्रभारी जितेंद्र चंदेलिया ने बताया कि आरोपी ने खुद को फौजी बताते हुए बबीना में पदस्थ होना कहा। आरोपी का नाम कमल पांडेय है। शुरुआती जांच में पता चला है कि वह नशे की हालत में था। उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है और मामले की जानकारी एमसीओ को दी गई है। वहीं, उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है। रेलवे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बुधवार शाम झेलम एक्सप्रेस में फर्जी टीटीई का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह यात्रियों से बिना टिकट यात्रा करने पर वसूली कर रहा था। वह वेटिंग टिकट वाले यात्रियों से सीट देने के नाम पर रुपए लेते हुए भी नजर आया। वीडियो की जानकारी मिलते ही मुख्य वाणिज्य निरीक्षक ग्वालियर और कमर्शियल कंट्रोल विभाग सक्रिय हुए और झेलम एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 11077 डाउन) में जांच टीम भेजी। सीटीआई ग्वालियर राजीव शर्मा और आरपीएफ स्टाफ ने जनरल और दिव्यांग कोच में संयुक्त जांच की, जहां आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा गया। उसके पास से 1620 रुपए नकद बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने झांसी से ग्वालियर तक कई यात्रियों से पैसे लेने की बात स्वीकार की।

## प्राध्यापकों के 55 प्रतिशत पद खाली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में प्राध्यापकों के 55 प्रतिशत पद खाली हैं। उनकी जगह पर अतिथि विद्वानों को रखकर पढ़ाई कराई जा रही है। तीन साल पहले मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 1669 पदों की भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन सभी को नियुक्ति नहीं दी जा सकी है। इस बीच 535 सहायक प्राध्यापकों को दस्तावेज सत्यापन के बाद नियुक्ति पत्र दिया जा चुका है। इनकी वजह से महाविद्यालयों में काम कर रहे इतने ही अतिथि विद्वानों को सेवा से बाहर कर दिया गया है।अब ऐसे अतिथि विद्वानों को दूसरे कॉलेज में प्राथमिकता देने का फैसला हुआ है।

## प्रदेश में 45 रोड सेफ्टी एण्ड एनफोर्समेंट चेकिंग प्वाइंट से निगरानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में वाहन चेकिंग की पारदर्शी व्यवस्था लागू करने तथा सुशासन के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त परिवहन चेकपोस्टों को बंद कर दिया गया है। इनके स्थान पर परिवहन विभाग ने 45 'रोड सेफ्टी एण्ड एनफोर्समेंट चेकिंग प्वाइंट' प्रारम्भ कर दिए हैं। इन पर पदस्थ प्रवर्तन बल द्वारा बॉडीवोर्न कैमरों की निगरानी में पीओएस मशीन के माध्यम से वाहनों के विरुद्ध ऑनलाइन चालानी कार्यवाही की जा रही है। 'इज ऑफ डुइंग बिजनेस' के अंतर्गत इन प्वाइंट पर द्वारा अहम निर्णय लेते हुए प्रदेश में प्रवेश करने वाले अन्य राज्यों के वाहनों द्वारा ई-चेकपोस्ट



मॉड्यूल के माध्यम से ऑनलाइन मोटरयान कर जमा करने की सुविधा दी गई है। परिवहन विभाग ने इस वर्ष 5 हजार 693 करोड़ रूपये का राजस्व संग्रहण का लक्ष्य रखा है। पिछले वर्ष 2024-25 में परिवहन विभाग ने करीब 4 हजार 875 करोड़ रूपये का राजस्व संग्रहण किया था। यह राजस्व वर्ष 2023-24 के मुकाबले 5.83 प्रतिशत अधिक रहा है।

## सीएम हेल्पलाइन में फर्जी शिकायतें करने वाले दो पुलिसकर्मी सस्पेंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मैहर, एजेंसी।** अमरपाटन थाने में सीएम हेल्पलाइन पर फर्जी शिकायतें दर्ज करने वाले दो पुलिसकर्मियों को एसपी ने लाइन अटैच कर दिया है। प्रधान आरक्षक रवि सिंह और आरक्षक संतोष राय पर यह कार्रवाई सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग सुधारने के लिए झूठी शिकायतें दर्ज करने के आरोप में की गई है। सीएम हेल्पलाइन 181 पर फर्जी शिकायतें मिलने से अधिकारियों और विभागीय कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर हालही में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कड़ा रुख अपनाते हुए फर्जी शिकायतकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। आरोप है कि अमरपाटन थाने में पदस्थ इन दोनों पुलिसकर्मियों ने सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में नंबर एक पर आने के लिए 181 सीएम हेल्पलाइन पर झूठी शिकायतें दर्ज कराई थीं। उन्होंने पटाखा दुकानदारों के मोबाइल फोन लेकर स्वयं को फर्जी कॉलर बताते हुए गाली-गलौज और मारपीट की शिकायतें दर्ज कराईं। यहां तक कि कॉल सेंटर पर मौजूद एग्जीक्यूटिव से यह भी कहा कि पुलिस उनकी शिकायत दर्ज नहीं कर रही है।

## थाने में पुलिसवालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, 2 घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी, एजेंसी। बाकल थाने पर बुधवार देर रात कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामला एक युवक के साथ मारपीट से जुड़ा है। फिलहाल, बाकल में पुलिस फोर्स तैनात है।**

पुलिस ने बताया कि 19 अक्टूबर को कुणाल सिंह राजपूत ने एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने कहा था कि असीम खान




और आमिल खान उसे जबरन अज्ञात स्थान पर ले गए। वहां बेरहमी से पीटा। सिगरेट से दागा। मोबाइल छीनने की कोशिश की। वह किसी तरह बचकर भाग आया। पुलिस ने उसी दिन केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में हल्की धाराएं लगाने का आरोप लगाते हुए करणी सेना ने विरोध जताया था। संगठन पदाधिकारियों का कहना था कि पुलिस ने जानबूझकर मारपीट का कमजोर केस दर्ज किया है। आरोपियों के खिलाफ अपहरण और हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया जाए।

## संपादकीय

### भारत राजनयिकों की संख्या में 'पारस्परिकता' चाहता है, न कि जरूरी 'समानता'

भारत और कनाडा के बीच राजनयिक संबंधों में सुधार की ओर एक बड़ा कदम उठाया गया है। भारत कनाडा को अपने उतने ही राजनयिकों और अधिकारियों को देश में तैनात करने की अनुमति देगा जितने अक्टूबर 2024 से पहले थे। यह फैसला पिछले साल 2023 में दोनों देशों के बीच हुए राजनयिकों के निष्कासन के बाद आया है। यह जानकारी एक वरिष्ठ भारतीय सरकारी अधिकारी ने दी है। यह प्रक्रिया कनाडा की ओर से प्रस्तावित नामों के मिलते ही शुरू हो जाएगी। यह समझौता कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद की भारत यात्रा के दौरान हुआ। पिछले साल अक्टूबर में, भारत ने 41 कनाडाई राजनयिकों को वापस जाने के लिए कहा था। भारत ने कहा था कि उनकी राजनयिक छूट रद्द कर दी जाएगी और दोनों देशों में राजनयिकों की संख्या बराबर होनी चाहिए। उस समय भारत के कनाडा में 21 राजनयिक थे, जबकि कनाडा के भारत में 62 अधिकारी थे। हालांकि, अधिकारी ने यह भी कहा कि अगर कनाडा भारतीय राजनयिकों के लिए मान्यता प्रक्रिया को आसान बनाता है तो कनाडाई अधिकारियों की संख्या भविष्य में काफी बढ़ सकती है। अधिकारी ने बताया कि भारत राजनयिकों की संख्या में 'पारस्परिकता' चाहता है, न कि जरूरी 'समानता'। इसका मतलब है कि कनाडा को कुछ अधिकारियों की जरूरत हो सकती है, लेकिन भारत बड़ी संख्या में कनाडाई आप्रवासन अधिकारियों के पक्ष में नहीं है। अधिकारी ने जोर देकर कहा कि राजनयिकों की संख्या 'पहले जैसी ही होगी'। भारत से निकलने से पहले, कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने कनाडाई मीडिया से बात की थी। उन्होंने कहा था कि राजनयिक मिशनों में 'कर्मचारियों की संख्या बढ़ाना' एजेंडे में था। उन्होंने कहा, 'मैं आपको विश्वास दिला सकती हूं कि हम पूरे देश में कनाडाई राजनयिकों की संख्या को पहले जैसा कर रहे हैं। इस मामले पर मेरी (विदेश मंत्री) एस जयशंकर के साथ बातचीत में, हम दोनों इस बात पर सहमत हुए कि हम अपने-अपने नागरिकों की सेवा के लिए पहले की तरह ही कर्मचारियों की संख्या बढ़ाएंगे।' 2023 में भारत-कनाडा संबंध तब बिगड़े जब कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया कि 2023 जून में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय सरकारी एजेंट शामिल थे।




*आपका जीवन इस बात से शानदार नहीं बनता कि आपने कितना संग्रह किया है या क्या पाया है, बल्कि इस बात से कि आपने जीवन को कितनी गहराई में अनुभव किया है।*

**- जग्गी वासुदेव**

## महिला जगत

# 93 की उम्र में घाघरा-चोली पहन ट्रैक पर दौड़ीं दादी, जीते 3 गोल्ड मेडल



उम्र सिर्फ एक संख्या है, इस कहावत को हकीकत में बदलकर दिखाया है राजस्थान की 93 वर्षीय सुपर दादी पानी देवी ने। बीकानेर की इस अदम्य साहस वाली महिला ने 45वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक प्रतियोगिता में बैंगलोर के ट्रैक पर तीन-तीन गोल्ड मेडल जीतकर पूरी दुनिया को चौंका दिया। घाघरा-चोली पहनकर 100 मीटर की दौड़ में 45 सेकंड का रिकॉर्ड बनाना, डिस्कस थ्रो और शॉट पुट में स्वर्ण हासिल करना, ये सब दिखाता है कि हौसले और सपनों के सामने उम्र की कोई दीवार नहीं होती।

### ● चोट के बावजूद 45 सेकंड में जीती रेस

ट्रैक पर पानी देवी का साहस देखने लायक था। घुटने और एंकल में चोट होने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। परंपरागत घाघरा-चोली पहनकर जब वे ट्रैक पर उतरीं, तो सभी की निगाहें उन पर टिक गईं। 100 मीटर की दौड़ उन्होंने महज 45 सेकंड में पूरी की और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनके इस जज़्बे ने दर्शकों को खड़ा होकर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

### ● कठिन परिस्थितियों में बीता जीवन

पानी देवी का जीवन हमेशा आसान नहीं रहा। वे उस दौर में पली-बढ़ीं जब लड़कियों को पढ़ाई और खेलों की आजादी नहीं थी। 15 साल की उम्र में शादी हो गई और 50 की उम्र में वे अकेले ही 5 बेटों और 3 बेटियों का पालन-पोषण करने लगीं। परिवार का खर्च चलाने के लिए खेतों में मजदूरी की और दूर-दराज तक सूत बेचकर अपना जीवन चलाया।

### ● 91 साल की उम्र में लिया एथलेटिक्स का फैसला

कभी न हार मानने वाली पानी देवी ने जिंदगी का नया सफर 91 साल की उम्र में शुरू किया। अपने पोते को पैरा-एथलीट्स को ट्रेन करते देखकर उन्होंने कहा, "मैं भी यह कर सकती हूं।" और वहीं से उनकी एथलेटिक्स यात्रा की शुरुआत हुई। जिस उम्र में लोग बिस्तर पकड़ लेते हैं, उस उम्र में उन्होंने खेल के मैदान में कदम रखा।

### ● तीन गोल्ड मेडल की अद्भुत उपलब्धि

बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पानी देवी ने 100 मीटर रेस, डिस्कस थ्रो और शॉट पुट तीनों में गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया। उनकी उपलब्धि इस बात का सबूत है कि सही जज़्बा हो तो कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती।

### ● प्रेरणा की मिसाल बनीं 'सुपर दादी'

पानी देवी की यह यात्रा हम सभी को यह संदेश देती है कि नई शुरुआत करने की कोई उम्र नहीं होती। चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, हिम्मत और मेहनत से हर सपना पूरा किया जा सकता है। उन्होंने अपने साहस से यह साबित किया कि सपने देखने की उम्र तय नहीं होती, उन्हें पूरा करने की हिम्मत ही मायने रखती है।

Andhra Pradesh

# हैदराबाद-बेंगलुरु हाईवे पर भीषण हादसा, कम से कम 20 लोग जिंदा जल गए; बढ़ सकता है आंकड़ा

**करनूल।** आंध्र प्रदेश के कर्नूल जिले के चिन्ना टेकुरु गांव में शुक्रवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम 20 लोगों के जिंदा जलने की पुष्टि हो चुकी है। यह आंकड़ा अभी बढ़ सकता है। घटना उस समय हुई जब कावेरी ट्रैवल्स की एक प्राइवेट बस हैदराबाद-बेंगलुरु हाईवे पर एक बाइक से टकरा गई, जिसके बाद बस में आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस कुछ ही मिनटों में आग की लपटों में घिर गई। हादसे के समय बस में 44 यात्री सवार थे। 12 यात्री किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि बाकी लोग बस के अंदर फंस गए। दमकल और बचाव दल मौके पर पहुंचकर



राहत कार्य में जुटे हुए हैं, लेकिन फिलहाल आधिकारिक तौर पर मृतकों की संख्या की पुष्टि नहीं की गई है। यह घटना सुबह करीब 3:30 बजे हुई, जब कावेरी ट्रैवल्स की एक बस हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही थी। कुर्नूल शहर के बाहरी इलाके के पास नेशनल हाईवे 44 पर एक मोटरसाइकिल से टकरा गई। पुलिस ने बताया, 'दोपहिया वाहन बस के नीचे फंस गया और फ्यूल टैंक से टकरा गया, जिससे तुरंत धमाका हुआ और आग पूरी गाड़ी में तेजी से फैल गई।' हादसे के समय ज्यादातर यात्री सो रहे थे। कुछ यात्री अचानक आग लगने से जाग गए और खिड़कियां तोड़कर बाहर कूदने में कामयाब रहे, लेकिन कई लोग अंदर ही फंस गए क्योंकि आग ने कुछ ही मिनटों में पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया।

Haryana

## दोस्ती, प्यार और सुसाइड... ससुराल जाकर शख्स ने क्यों खा लिया जहर?



**सोनीपत, (एजेंसी)** हरियाणा में सोनीपत के गांव कालुपुर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया हैं,जहां एक शख्स ने अपने ससुराल में जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक शख्स राकेश राजस्थान का रहने वाला था और सोनीपत के गांव कालुपुर की रहने वाली पूजा से 9 साल पहले उसने लव मैरिज की थी। फिलहाल सिटी थाना पुलिस ने सुसराल पक्ष पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि राजस्थान के भादरा के रहने वाले राकेश की पूजा की साथ पहले दोस्ती हुई और फिर नौ साल पहले पूजा से ही उसने लव मैरिज की थी। दोनों के बीच कुछ दिनों पहले आपसी विवाद के कारण पूजा अपने घर कालुपुर में वापस आ गई थी। राकेश के परिजनों का आरोप है कि पूजा ने राकेश से सब्जी के नाम पर पैसे लिए और सोनीपत अपने घर आ गई.

राकेश जब उसे वापस लेने के लिए आया तो तो पूजा के परिवार ने उसे प्रताड़ित किया जिसके बाद उसने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी है. राकेश ने अपने भांजे को फोन पर बातचीत में अपनी पत्नी के दोनों भाई ,मां ,एक भाई की पत्नी और उसके मामा पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए थे। मामले में जानकारी देते हुए एसीपी राजपाल ने बताया कि राजस्थान के भादरा के रहने वाले राकेश ने सोनीपत के रहने वाली पूजा के साथ 9 साल पहले लव मैरिज की थी।

New Delhi

## आईएसआईएस मॉड्यूल का पर्दाफाश स्पेशल सेल ने किए दो आतंकी गिरफ्तार, एक दिल्ली का रहना वाला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। राजधानी में आईएसआईएस के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से एक दिल्ली का निवासी है और दूसरा मध्य प्रदेश का रहने वाला है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये दोनों कथित तौर पर 'फिदायीन' हमलों की ट्रेनिंग ले रहे थे।



Uttarpradesh

## संजीव जीवा गैंग के शार्प शूटर फैसल को एनकाउंटर में यूपी पुलिस ने मार गिराया, एक लाख का था इनामी

**शामली, (एजेंसी)** यूपी के शामली में झिंझाना क्षेत्र के वेदखेड़ी मार्ग पर देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच भोगीमजरा के जंगल में मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में झिंझाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को मार गिराया, जबकि एक सिपाही घायल हो गया। मारा गया बदमाश संजीव जीवा गैंग का सक्रिय शूटर बताया जा रहा है, जो लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर था। गुरुवार रात करीब आठ बजे कुछ बदमाश वेदखेड़ी मार्ग पर लूटपाट कर रहे थे। इस दौरान बदमाशों ने वेदखेड़ी निवासी जीतराम पुत्र रामचन्द्र से नगदी, मोबाइल व बाइक लूट ली। सूचना पर झिंझाना थाना पुलिस व एसओजी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू





कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मारा गया बदमाश संजीव जीवा गैंग का शूटर फैसल निवासी खालापार मुजफ्फरनगर था और उस पर हत्या, लूट और रंगदारी समेत कई संगीन मामले दर्ज हैं।

खेल

भारत की दमदार वापसी

# कीवियों को हराकर सेमीफाइनल में टीम इंडिया, महिला विश्वकप ट्रॉफी दो कदम दूर

**नवी मुंबई।** भारत ने न्यूजीलैंड को 53 रन से हराकर महिला विश्व कप 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। गुरुवार को डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बारिश ने बाधा डाली, जिसके चलते ओवरों में कटौती करते हुए मैच को 49 ओवर का करने का निर्णय लिया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय महिला टीम ने 49 ओवर में तीन विकेट खोकर 340 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी, तो एक बार फिर बारिश आई और डीएलएस पद्धति के तहत उन्हें 44 ओवरों में 325 रनों का नया लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 271 रन ही बना सकी। उनके लिए ब्रूक हॉलिडे ने 81 रन और इसाबेल गेज ने नाबाद 65 रन की पारी खेली। भारत की ओर



से रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि स्नेह राणा, श्री चरणी, दीप्ति शर्मा और प्रतिका रावल को एक-एक सफलता मिली।

बारिश से प्रभावित मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम ने अपने बल्लेबाजों के दम पर न्यूजीलैंड के सामने 341 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। भारतीय सलामी जोड़ी स्मृति मंधाना (109) और प्रतिका रावल (122) ने पहले विकेट के लिए 212 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की, जो महिला विश्व कप इतिहास में भारत की सबसे बड़ी साझेदारी बन गई।

मंधाना ने 95 गेंदों में 10 चौके और चार छक्कों की मदद से अपना तीसरा विश्व कप शतक पूरा किया। वहीं रावल ने 134 गेंदों में 13 चौके और 2 छक्के जड़कर अपना पहला विश्व कप शतक लगाया। दोनों के आउट होने के बाद जेमिमा रोड्रिग्स ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और सिर्फ 39 गेंदों में टूर्नामेंट का सबसे तेज अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 55 गेंदों पर नाबाद 76 रन (11 चौके) बनाए और टीम का स्कोर 49 ओवर में तीन विकेट पर 340 रन तक पहुंचाया। बारिश के कारण मैच में 90 मिनट का खेल रुका, जिसके बाद ओवरों की संख्या घटाकर 49-49 कर दी गई। इसके बावजूद भारतीय बल्लेबाजों ने रनगति बनाए रखी और टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया।

डीएलएस के आधार पर मिले 44 ओवरों में 325 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम की शुरुआत खराब रही। दूसरे ही ओवर में सूजी बेट्स (0) को क्रांति गौड़ ने आउट किया।

सिनेमा

## धर्मेंद्र के फार्म हाउस में की जाती है छठ पूजा, 'बिहारी बेटियों' ने रखा था व्रत, मांगी मन्नत



भारत के सबसे बड़े त्योहारों में से एक, छठ पूजा हर साल दिवाली के छह दिन बाद मनाई जाती है. यह त्योहार मुख्य रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड आदि राज्यों में मनाया जाता है. लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र, जो पंजाबी हैं, उनका भी छठ पूजा से एक खास रिश्ता है. जी हां, सही पढ़ा आपने, एक बार धर्मेंद्र ने खुद बताया था कि उनकी "बिहारी बेटियों" ने उनके फार्म हाउस पर छठ की पूजा की थी, ये बिहारी बेटियां कौन थीं जिन्होंने अपनी पूजा में एक्टर के अच्छे स्वास्थ्य की कामना भी की थी. आइये बताते हैं. भारतीय सिनेमा के इतिहास में धर्मेंद्र को सबसे बड़े अभिनेताओं में गिना जाता है. 89 साल की उम्र में भी धर्मेंद्र के चाहने वाले पूरे देश में फैले हुए हैं. वो फिल्मों में भले ही गरम-धरम कहलाते हों, लेकिन असल में उन्हें एक दयालु और विनम्र इंसान माना जाता है. उन्होंने हमेशा लोगों की मदद की है और उनके प्रति अपने सच्चे दिल का परिचय दिया है. बॉलीवुड में बहुत कम ऐसे सितारे हैं जिन्हें धर्मेंद्र जितना प्यार और सम्मान मिला हो, वह भी तब जब वह अब फिल्मों में ज्यादा सक्रिय नहीं हैं.

## Highlights

1. Who's late now: Mahagathbandhan to NDA after Tejashwi made CM face
2. No Hindu-Muslim conflict, rule of law in Bihar: CM Nitish Kumar
3. Odisha teen dies filming reel near railway tracks, video surfaces
4. Video shows mid-air ruckus on Akasa Air's Delhi-Bengaluru flight
5. Telangana reports highest prevalence of impaired kidney function
6. Rajasthan man arrested for brutally hitting dog with stick
7. Man dies by suicide following dispute with wife in Ghaziabad

# MTR Foods maker Orkla India sets IPO price band for up to ₹10,000-crore valuation




**NEW DEIHI, (Agency).** Orkla India Ltd. has announced the price band for its ₹1,667.54-crore IPO for a valuation of up to ₹10,000 crore.

The Orkla India IPO will see the parent company of ready-to-eat brand MTR Foods sell 2.28 crore shares in a price band of ₹695-730 apiece to raise as much as ₹1,667.54 crore at a valuation of ₹10,000 crore, according to the company's red-herring prospectus.

The IPO is a pure offer-for-sale, meaning the proceeds will go to the selling shareholders only — and not the company.

Orkla India IPO Details

Norway's Orkla ASA entered India in 2007 with the acquisition of MTR Foods and expanded operations by picking up a majority of Eastern Condiments in 2020. In 2023, the company consolidated its local business under an Indian subsidiary called Orkla India Pvt. Ltd. Now, it wants to make the most of the red-hot primary market in India with the launch of its IPO.


IPO Type: Offer for Sale only IPO, Dates: 29-31 October 2025 Anchor Date: 28 October 2025, IPO Price: ₹695-730 per share, Lot Size: 20 shares, or ₹14,600

No. of shares on offer: 2.28 crore- Orkla Asia Pacific, among the company's biggest shareholders and part of the "promoters or promoters group" in India, will sell 20.6 million shares in the Orkla India IPO. Other existing shareholders, including Navas Meeran and Feroz Meeran of the Meeran Group, will sell 1.1 million shares each.

# Reddit vs Perplexity, and the scourge of 'data laundering' in an AI slop world

**NEW DEIHI, (Agency).** Reddit Inc. has sued Perplexity AI Inc. for "industrial-scale data laundering", as AI firms increasingly scrape websites—often without permission—for original content to train their large language models.

Three data-scraping companies—OxyLabs UAB, AWMProxy and SerpApi—have been illegally collecting Reddit data via Google Search for the purposes of selling it, according to the complaint filed in a federal court in Manhattan, New York. Perplexity was buying the data from at



least one of the companies.

"AI companies are locked in an arms race for quality human content—and that pressure has fuelled an industrial-scale data laundering economy," Reddit's Chief Legal Officer Ben Lee said in a statement. "Reddit is a prime target because it's one of the largest and most dynamic collections of human conversation ever created."

At this juncture, it's pertinent to explain what "data laundering" is, how it works, and why threatens the existence of original ideas amid an AI slop sloshing across the internet at large.

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
इंदौर, शुक्रवार 24 अक्टूबर, 2025


पत्नी वेंटिलेटर पर, बेटियां घायल

# कार शोरूम मालिक व कांग्रेस नेता प्रवेश अग्रवाल के घर लगी आग... दम घुटने से मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के लसूड़िया इलाके में गुरुवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हुआ। जब एक कार शोरूम में आग लग गई। इस हादसे में शोरूम मालिक और कांग्रेस के सीनियर नेता, नर्मदा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवेश अग्रवाल की मौत हो गई। आग लगने की यह घटना सुबह करीब 5 बजे के आसपास की बताई जा रही है।**

जानकारी के अनुसार, कार शोरूम के ऊपर अग्रवाल परिवार का निवास था। आग लगने के समय प्रवेश अग्रवाल अपनी पत्नी रेखा अग्रवाल और दोनों बेटियों के साथ वहीं मौजूद थे। आग इतनी तेजी से फैली कि वे बाहर नहीं निकल पाए। धुएं से दम घुटने के कारण प्रवेश अग्रवाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी रेखा अग्रवाल को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें फिलहाल वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा है। शोरूम में लगी आगजनी के हादसे में उनकी दोनों बेटियां 14 वर्षीय सौम्या और 12 वर्षीय मायरा भी घायल हुई गई। दोनों का इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। वहीं, घायल बेटियों का भी इलाज किया गया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का संभावित कारण बताया जा रहा है। हालांकि इसकी पुष्टि रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। टीआई तारेश सोनी के मुताबिक, अलसुबह उन्हें आगजनी की सूचना मिली। उन्होंने मौके पर एफआरवी को भेजा। प्रारंभिक जानकारी में पता चला कि ऊपर पेंटहाउस में मंदिर में अखंड दीपक जल रहे थे। वहीं, पास में ही एक स्टोर रूम भी था। आशंका है कि मंदिर से ही आग की शुरुआत हुई होगी। पहले धुआं भरने से उनकी पत्नी और छोटी बेटी बाहर की तरफ आई। उन्होंने गार्ड को ऊपर से आवाज दी। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।



# पटाखे फोड़ने पर हुआ विवाद ईंट से बच्ची के दांत तोड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र में पटाखा फोड़ रहे युवकों ने खुब हंगामा किया। विरोध करने पर ईंट फेंक कर हमला कर दिया। एक बच्ची के हमले में दांत टूट गए। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

घटना कावेरी नगर की है। लक्ष्मी भास्कर ने हेमंत धारवे, सन्नी वर्मा, युवराज उर्फ छोटू मौर्या और विक्की के खिलाफ केस दर्ज किया है। लक्ष्मी के अनुसार, आरोपित पटाखा फोड़ कर हंगामा कर रहे थे। समझाया तो पड़ोसी दिनेश बाकले के घर की छत पर चढ़ गए और छोटू ने ईंट उठाकर फैंकी। इससे बेटा तरुण घायल हो गया। एक ईंट सन्नी ने फेंकी जिससे पोती सुहाना घायल हो गई। उसके मुंह पर ईंट लगी और दांत टूट गए।

राजेंद्रनगर थाना अंतर्गत बुद्ध नगर में भी पटाखा फोड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मारपीट के दौरान एक ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, वर्षा ठाकरे ने साहिल और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। वर्षा ने पुलिस को बताया बच्चा घर के बाहर पटाखे फोड़ रहा था। साहिल ने गालियां दी तो भाई भारत, अंकुश,पंकज व देवर जितेंद्र ने बच्चे को गाली देने का विरोध किया। साहिल और उसके साथियों ने भरत,अंकुश और पंकज पर हमला कर दिया।

# आधी रात को शटर उचकाकर भी मिल रही है शराब



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक तरफ आबकारी विभाग शराब दुकानों पर क्यूआर कोड की व्यवस्था करवाकर एमआरपी पर शराब बिकवाने के दावे करता है, तो दूसरी तरफ होटलों, रेस्टोरेंट, फार्म हाउस पर शराबखोरी के अलावा शहर की अधिकांश दुकानों पर आधी रात के बाद भी शटर उचकाकर शराब की बोतलें आसानी से मिल जाती है। 10-20 रुपए प्रति बोतल अधिक दाम चुकाकर मदिरा प्रेमी रात डेढ़-दो बजे और उसके बाद भी आसानी से शराब हासिल कर लेते हैं, जिसके चलते हुड़दंग सहित कई गंभीर वारदातें हो जाती हैं।**

एक तरफ पुलिस सभी प्रमुख चौराहों पर ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले में कार्रवाई करती है और वाहन चालकों के मुंह सूंघे जाते हैं। बड़ी संख्या में चालानी कार्रवाई के साथ लाइसेंस निरस्ती की कार्रवाई भी की जा रही है, तो दूसरी तरफ आबकारी और पुलिस विभाग की मिलीभगत के चलते आसानी से शराब मुहैया हो जाती है। अभी दीपावली के कारण शहर के अधिकांश फार्म हाउस और ढाबों सहित होटल-रेस्टोरेंट में देर रात तक पार्टियां चल रही हैं। उनमें तो जमकर शराबखोरी हो ही रही है, वहीं रात साढ़े 11 बजे तक शराब दुकानों को खुला रखने की अनुमति दी जाती है। मगर मदिरा प्रेमियों को आधी रात के बाद भी आसानी से शराब की जुगाड़ हो जाती है। इमली बाजार की विदेशी और देसी शराब पर रात 1 बजकर 20 मिनट पर शटर ऊंचा कर शराब खरीदते फोटो भी सामने आया। तो इसी तरह की सुविधा मालवा मिल, पाटनीपुरा, परदेशीपुरा, गाड़ी अड्डा आदि जगह उपलब्ध है। खासकर उन शराब दुकानों पर तो रातभर ही यह सुविधा उपलब्ध रहती है, जो घनी आबादी के बाहर स्थित है। बायपास, सुपर कॉरिडोर, खंडवा रोड से लेकर देवास नाके की तरफ की दुकानों-ढाबों पर आसानी से अधिक दाम चुकाकर शराब मिल जाती है। यही कारण है कि दुर्घटनाओं के साथ-साथ कई आपराधिक घटनाएं, मारपीट, हुड़दंग की खबरें आए दिन सामने आती है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक